QB365-Question Bank Software

**SET – 1**

**Series : TYM/C**

कोड नं. **4/1**

रोल नं.
**Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं – **क, ख, ग** और **घ** ।

*(ii)* चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

*(iii)* यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।



QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खंड – क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 9

एक स्वस्थ व्यक्ति की परिभाषा कुछ शब्दों में बताना कठिन है । किसी को क्षणिक देखने भर से नहीं कहा जा सकता कि वह नितांत स्वस्थ है या रुग्ण है । कोई व्यक्ति देखने में मोटा–ताजा, रूप–सौन्दर्य से युक्त भले ही हो सकता है लेकिन यह जरूरी नहीं कि वह शारीरिक तौर पर हर तरह से स्वस्थ होगा । वास्तव में व्यक्ति का बाह्य रूप उसकी अन्तः शक्ति को एक झलक में प्रदर्शित नहीं कर पाता । यद्यपि कभी–कभी विषाद और अन्तर्द्वन्द्व का भाव व्यक्ति के मुख पर छलक जाता है, उसी तरह हृदय की प्रसन्नता–छाप भी मुख पर दिखाई दे जाती है । ये दोनों प्रसन्नता और वेदना के भाव परिवर्तनशील होते हैं । इन स्थितियों में भी अधिकता–न्यूनता का परिवर्तन होता रहता है । वास्तव में ये वे हृदय–आवेग हैं, जो हमें हमारे बाह्य प्रभाव से प्राप्त होते हैं । इन दोनों प्रभावों का संबंध मनुष्य के स्वास्थ्य से होता है । विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ आदमी के शरीर को क्षति तो पहुँचाती ही हैं, उसके मनोबल को भी कमज़ोर कर देती हैं ।

व्यक्ति का अच्छा स्वास्थ्य एक लम्बी प्रक्रिया के फलस्वरूप प्राप्त होता है । अच्छे स्वास्थ्य वाला व्यक्ति अपने दैनन्दिन कार्य बड़ी कुशलता के साथ कर लेता है । कृश तन वाला व्यक्ति भी स्वस्थ हो सकता है और स्थूलकाय व्यक्ति भी रोगी हो सकता है । शारीरिक संरचना से किसी के अच्छे या खराब स्वास्थ्य का पता नहीं चलता । अच्छे स्वास्थ्य वाला व्यक्ति वही होता है जिसमें अपने कार्य करने की क्षमता हो, स्फूर्ति हो, ऊर्जा हो और वह आलस्य रहित हो । ऐसा व्यक्ति अपनी कार्यक्षमता के बल पर अपने कार्य यथासमय निपटा लेता है, उसका चिन्तन सकारात्मक होता है और किसी भी काम के लिए अन्य के भरोसे नहीं रहता । इसीलिए कहा जाता है कि – "स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है ।"

(क) अच्छे स्वास्थ्य के क्या–क्या लाभ हैं ? 2

(ख) स्वस्थ व्यक्ति किसे माना जाता है और क्यों ? 2

(ग) व्यक्ति की मुख–छवि किन आवेगों के कारण बदलती रहती है ? 2

(घ) लेखक स्वस्थ शरीर में किसका निवास मानता है, इसके क्या कारण हो सकते हैं ? 2

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए । 1

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जीवन अपना मंदिर है मानव अपना भगवान है
धरती का हर कोना अपना प्यारा हिंदुस्तान है ।

लिखता है जो छंद फसल के अपने हल की फाल से
करता है अर्चना धरा की खुरपी और कुदाल से,
बोता है श्रम के खेतों में दाना स्वर्ण विहान का
नयी फसल से भर देता है आँचल जो सुनसान का

उसका सुख, उसका दुख अपनी गीता और कुरान है
उसके चरणों की हर रेखा अपना तीर्थ स्थान है ।
उसकी हर आवाज़ हमारी पूजा–पाठ–अजान है ।
धरती का हर कोना अपना प्यारा हिंदुस्तान है ।



QB365-Question Bank Software

(क) कवि ने भारतीय किसान के लिए क्या-क्या कहा है ? उसे अपने शब्दों में लिखिए। **2**
(ख) भारत के बारे में कवि के क्या उद्गार हैं ? **2**
(ग) कवि अपना मंदिर, भगवान, तीर्थ और पूजा-नमाज किन्हें मानता है ? **2**

**खंड – ख**

3. (क) शब्द और पद में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। **2**
(ख) निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए :
(i) सूर्य उदय होने पर तुम जाग जाना। (मिश्र वाक्य) **1**
(ii) वह कविता याद करो और सुनाओ। (सरल वाक्य) **1**
(iii) गायक गाना गाने के साथ-साथ बाँसुरी भी बजाता है। (संयुक्त वाक्य) **1**

4. (क) समस्त पद बनाइए और समास का नाम भी लिखिए :
(i) समय के अनुसार **1**
(ii) देह रूपी लता **1**
(ख) विग्रह करके समास का नाम लिखिए :
(i) दशानन **1**
(ii) दाल-भात **1**

5. (क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :
(i) बाजार से एक फूल की माला लानी है। **1**
(ii) इंडिया गेट में जुलूस निकाला गया। **1**
(iii) आप कब आओगे ? **1**
(iv) मेरे को अपना गृहकार्य करना है। **1**
(ख) (i) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए :
पुत्र के अनुत्तीर्ण होने का समाचार सुनकर पिताजी ________ हो गए। **1**
(ii) 'चिकना घड़ा' – मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **1**

**खंड – ग**

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**
(क) 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर बड़े भाई के स्वभाव की दो विशेषताएँ लिखिए।
(ख) तताँरा को निकोबारी लोग उसके किन गुणों के कारण बेहद प्यार करते थे ?
(ग) 'डायरी का पन्ना' में किस प्रमुख घटना का उल्लेख है ?

7. "झेन की देन" पाठ के आधार पर चा-नोयू विधि का विस्तार से वर्णन कीजिए। **5**

**अथवा**

रूढ़ियाँ कब बुराई का रूप धारण कर लेती हैं ? उनसे छुटकारा कैसे पाया जा सकता है ? 'तताँरा वामीरो' पाठ के आधार पर लिखिए।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
(क) "कहि है सबु तेरौ हियौ" दोहे के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ? **2**
(ख) कवि ने सबको एक होकर चलने की प्रेरणा क्यों और किसके हित में दी है ? **2**
(ग) कवि ने कुर्बानियों की राह किसे कहा है ? **1**

QB365-Question Bank Software

9. "कर चले हम फिदा" कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ? कविता की दो विशेषताएँ भी लिखिए । **5**

**अथवा**

'मनुष्यता' कविता के आधार पर आदर्श मानवता पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए ।

10. विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए 'सपनों के-से दिन' पाठ में अपनाई गई युक्तियों को ध्यान में रखकर वर्तमान में इसके लिए संशोधित कदम उठाए गए हैं । इस विषय में अनुशासन के पालन हेतु अपने विचार प्रकट कीजिए । **5**

**अथवा**

'टोपी शुक्ला' पाठ में इफ्फन और टोपी की मैत्री के द्वारा क्या सन्देश दिया गया है ? वर्तमान संदर्भों में उसकी उपयोगिता समझाइए ।

**खंड – घ**

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर **80** से **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) अपनी मातृभाषा
- परिचय
- विशेषताएँ
- क्या करें

(ख) घर में शौचालय
- शौचालय की जरूरत
- अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक
- शौचालय बनाने से लाभ

(ग) कामकाजी महिलाएँ
- काम करने की आवश्यकता
- महिला-पुरुष में समानता
- निहित कठिनाइयाँ

12. आपके क्षेत्र में बिजली की अनियमितताओं की शिकायत करते हुए क्षेत्रीय विद्युत अधिकारी को प्रार्थना-पत्र लिखिए । **5**

**अथवा**

राज्य परिवहन की बस में आपके आवश्यक पत्र, प्रमाणपत्र आदि से भरा बैग छूट गया है । खोए हुए सामान की प्राप्ति के लिए परिवहन अधिकारी को सूचित करते हुए पत्र लिखिए ।

13. आपके विद्यालय में होने वाली 'वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता' में भाग लेने हेतु छात्रों के लिए **25-30** शब्दों में सूचना लिखिए । **5**

**अथवा**

मुहल्ला समिति के सचिव की ओर से कॉलोनी में आयोजित होने वाले 'दिवाली मेला' की सूचना लिखिए ।

14. पिता और पुत्र एक खिलौने की दुकान पर खड़े हैं । उन दोनों के बीच खिलौने खरीदने से संबंधित संवाद लगभग **50** शब्दों में लिखिए । **5**

15. आप अपनी दो वर्ष पहले खरीदी बाईक बेचना चाहते हैं, उससे संबंधित **25** से **50** शब्दों का विज्ञापन तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

आप अपने परिवार के लिए एक उपयुक्त घर किराए पर लेना चाहते हैं । उससे संबंधित **25** से **50** शब्दों का विज्ञापन तैयार कीजिए ।



QB365-Question Bank Software